छत्तीसगढ़ ने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, **छत्तीसगढ़ सरकार ने अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की तीर्थ यात्रा 'श्री रामलला दर्शन योजना' शुरू करने का निर्णय लिया है।**

- **प्रतिवर्ष लगभग 20,000 तीर्थयात्रियों को श्री रामलला दर्शन के लिये ले जाया जाएगा।**

मुख्य बिंदु:

- **छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड और बजट पर्यटन विभाग इस योजना के कार्यान्वयन में सहायता करेगा।**
- **तीर्थयात्रा के लिये पात्रता 18 से 75 वर्ष के छत्तीसगढ़** मूल निवासियों के लिये होगी, जो **ज़िला मेडिकल बोर्ड द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में फिट पाए जाते हैं।**
    - तीर्थयात्रा की दूरी लगभग 900 किलोमीटर है और **परिवहन की सुविधा भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) के सहयोग से की जाएगी।**
    - **लाभार्थियों को** संबंधित ज़िला प्रशासन द्वारा **रेलवे स्टेशन से उनके आवास तक लाया और वापस ले जाया जाएगा।**
- **इस योजना के क्रियान्वयन के लिये प्रत्येक ज़िले में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाएगा।**
- **कैबिनेट ने** प्रमुख वकील **प्रफुल्ल भरत को राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त करने का भी निर्णय लिया।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-launches-shri-ram-lala-darshan-scheme